Title: Need for proper conservation of Neelkanth Mahadeo Temple in Alwar district, Rajasthan by Archaeological Survey of India.

डॉ.जसवन्त सिंह यादव (अलवर) : अध्यक्ष महोदय, अलवर राजस्थान का एक महत्वपूर्ण जिला है। इस जिले के अन्तर्गत केन्द्रीय रूप से संरक्षित नीलकंठ महादेव मंदिर है। इस मंदिर में पांच से छः हजार के बीच मूर्तियां हैं। इस स्थल के रख-रखाव की जिम्मेदारी भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग पर है। यह मंदिर कई वर्ों से उपेक्षित पड़ा हुआ है। इसमें मूलभूत सुविधाएं भी उपलब्ध नहीं हैं। इस स्थल की ढांचागत मरम्मत अनुरक्षण तथा रसायनिक विशलोण की अति आवश्यकता है।

मेरा सरकार से अनुरोध है कि नीलकंठ महादेव मंदिर के रख-रखाव तथा मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाने हेतु उचित कार्यवाही करें ताकि यह मंदिर पर्यटन की दृटि से, स्मारक स्थल की दृटि से तथा धार्मिक दृटि से लाभकारी सिद्ध हो सके।